"पण्डित दीनदयाल उपाध्याय
अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 2025"
ग्राम पंचायत लठावाली दिनांक 27-6-25

25

आज पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाडा 2025, कैम्प कोर्ट ग्राम पंचायत लठावाली में प्रार्थी भूपेन्द्र सिंह पुत्र मनीसिंह द्वारा प्रार्थना पत्र पेश किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर तहसीलदार श्रीगंगानगर द्वारा रिपोर्ट पेश की गई। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संलग्न जमाबंदी चक 23 एमएल, पटवार हल्का लठावाली, भू.अ.नि. नेतेवाला खाता संख्या 89/79, मनी सिंह पुत्र रघुवीर सिंह के आधार कार्ड की प्रति, मनी सिंह पुत्र रघुवीर सिंह के पेन कार्ड की प्रति का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा पंजीकृत दस्तावेज बैयनामा दिनांक 16 जून 1965 की प्रति, भू.प्रबंध(सेटलमेंट)विभाग चक 23 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर की प्रमाणित प्रतिलिपि, जमाबंदी सम्वत् 2029–2032 चक 23 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर के खाता संख्या 46, तहसीलदार (राजस्व), श्रीगंगानगर एवं पटवारी की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। तहसीलदार श्रीगंगानगर एवं पटवारी हलका द्वारा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने बाबत अनुशंषा की गई है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल आर एक्ट तहसीलदार श्रीगंगानगर की रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर जमाबंदी चक 23 एमएल, पटवार हल्का लठावाली, भू. अ.नि. नेतेवाला खाता संख्या 89/79 में मनीसिंह पुत्र रघुवीर सिंह जाति जट सिख के स्थान पर मनीसिंह पुत्र रघुवीर सिंह जाति राजपूत सिख निवासी 24 एमएल दर्ज किये जाने का आदेश दिया जाता है।

तहसीलदार नियमानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमलदरामद करे।

निर्णय कैम्प कोट ग्रा. पंचायत लठावाली में मजमेआम सुनाया गया।

पत्रावली दायरा नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल अभिलेखागार हो।

Scanned with CamScanner